Website:www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार



सेल सेल सेल

देवांगन सेल

शहर की सबसे सस्ती दुकान

सॅर्किट हाऊस रोड, कन्हैया बिकानेर के सामने

जगदलपुर मो. 9424275800, 7566006605

हाईवे चैनल

वर्ष - 22 अंक-344, जगदलपुर, बुधवार, 23 सितम्बर 2020 पृष्ठ- 8, मूल्य-₹ 2.00 • जगदलपुर • रायपुर • बिलासपुर से प्रकाशित

बिग बॉस 14 में धांसू एंट्री ले सकती हैं दबंग ...

ब्रेकिंग न्यूज

मुखबिरी के शक में नक्सलियों ने ग्रामीण को उतारा मौत के घाट

बीजापुर,23 सितम्बर (एजेंसी)। मंगलवार को बासागुड़ा थाना क्षेत्र के फुतकेल गांव में नक्सलियों ने फिर एक ग्रामीण की हैंडपम्प के रॉड से सर पर वार कर हत्या कर दी। एसपी कमलोचन कश्यप ने घटना की पुष्टी करते हुए बताया कि यह घटना सोमवार की रात लगभग 8 .30 बजे की है। मृतक ग्रामीण दासर रमन्ना (35) फुतकेल गांव का रहने वाला था। उन्होंने बताया सोमवार की रात करीब 20 से 25 नक्सली इस किसान के यहां आ धमके और ग्रामीण को उसकी पत्नी और बच्चों के सामने घर से निकाला और हैंडपंप के रॉड से ग्रामीण के सर पर वार कर उसकी हत्या कर दी। एसपी ने बताया कि शव के पास से कोई नक्सली पर्चा नहीं मिला है। बताया जा रहा है कि ग्रामीण खेती - किसानी का कार्य करता था और एक छोटी सी सायकल की दुकान भी चलाता था। नक्सलियों को शक था कि ग्रामीण पुलिस मुखबिरी करता है। इधर एक महीने में नक्सलियों ने अब तक जिले में 9 लोगों की हत्या की है। जिसमें एक एएसआई,एक रेंजर,पुलिस के जवान और ग्रामीण शामिल है। नक्सलियों ने जिले के जिन 9 लोगों की हत्याओं की है दरअसल उक्त घटनाओं में नक्सलियों ने कही भी बंदूक का इस्तेमाल नहीं किया है। नक्सलियों ने हत्या की सभी वारदातों को सिर्फ धारदार हत्यारों का उपयोग कर घटना को अंजाम दिया है।

दो दिवसीय यात्रा पर कोलकाता पहुंचे मोहन भागवत

कोलकाता, 23 सितम्बर (एजेंसी)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत दो दिवसीय यात्रा पर मंगलवार को कोलकाता पहुंचे। इस दौरान वह बंगाल में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संगठनात्मक पहलुओं पर गौर करेंगे। आरएसएस के एक वरिष्ठ पदाधिकारी ने बताया कि भागवत संगठन पदाधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। पदाधिकारी ने कहा, ''वह आरएसएस कार्यालय में पदाधिकारियों से मिलेंगे। महामारी के कारण वह किसी अन्य स्थान पर नहीं जाएंगे। हमारे संगठन से संबंधित मुद्दों और महामारी के दौरान किए गए कल्याणकारी कार्यों पर चर्चा की जाएगी।

आज शाम पांच बजे राष्ट्रपति से मिलेंगे विपक्षी पार्टियों के नेता

नई दिल्ली,23 सितम्बर (एजेंसी)। किसान बिल को लेकर विपक्षी दल आज शाम पांच बजे राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद से मुलाकात करेंगे। विपक्षी दल जिन्होंने कल राज्यसभा सत्र का बहिष्कार किया था, ने आज सदन में रुष्क्कगुलाम नबी आजाद के कार्यालय में एक बैठक बुलाई थी। संसद में पारित कृषि विधेयकों पर आगे की रणनीति को लेकर चर्चा में यह तय हुआ कि इस मुद्दे पर राष्ट्रपति से मुलाकात की जाए।

देश में कोरोना की वैक्सीन को लेकर नई गाइडलाइन जारी

नई दिल्ली, 23 सितम्बर (एजेंसी)। दुनियाभर में कोरोना वायरस महामारी संकट के बीच वैक्सीन तैयार करने को लेकर जद्दोजहद जारी है। दुनिया के कई देशों के वैज्ञानिक वैक्सीन तैयार करने में जुटे हुए हैं। इस बीच, भारत में कोरोना वायरस की वैक्सीन को लेकर नई गाइडलाइन जारी की गई है। देश की ड्रग नियामक संस्था, ड्रग्स कंट्रोलर जनरल ऑफ इंडिया ने कोरोना वैक्सीन को लेकर नई गाइडलाइन जारी की है। ड्रग्स कंट्रोलर जनरल ऑफ इंडिया ने बड़ी फार्मा कंपनियों के लिए सुरक्षा, प्रतिरक्षा और प्रभावकारिता मापदंडों को ध्यान में रखते हुए दिशानिर्देशों का एक नया सेट जारी किया है, जो कोविड-19 वैक्सीन विकसित कर रहे हैं।

लखनऊ में कोरोना संक्रमितों के इलाज में निजी अस्पतालों की बड़ी लापरवाही

लखनऊ, 23 सितम्बर (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में निजी अस्पतालों में कोरोना संक्रमितों की जांच, शिफ्टिंग और इलाज में बड़ी लापरवाही सामने आई है। शहर के चार निजी अस्पतालों में कुल 48 कोरोना वायरस से संक्रमित मरीज रेफर और भर्ती किए गए थे। इलाज के दौरान इन सभी की मौत हो गई। निजी अस्पतालों में कोरोना मरीजों के इलाज में लापरवाही की शिकायतों को संज्ञान में लेते हुए जिला प्रशासन ने चार बड़े निजी अस्पतालों को नोटिस जारी किए हैं। जिला प्रशासन ने अस्पतालों को आज तक का समय जवाब दाखिल करने के लिए दिया है। लखनऊ के जिलाधिकारी अभिषेक प्रकाश ने चार अस्पतालों चरक, मेयो, अपोलो और चंदन हॉस्पिटल को नोटिस जारी किए हैं। जिलाधिकारी के मुताबिक चरक अस्पताल में 10, चंदन में 11, मेयो में 10 और अपोलो से 17 मरीज नॉन कोविड अस्पताल से कोविड अस्पताल भेजे गए और जिनकी मृत्यु हो गई।

48 मरीजों की मौत पर नोटिस

उपसभापति हरिवंश ने जूस पीकर तोड़ा एक दिन का उपवास, विपक्षी सांसदों के अनियंत्रित व्यवहार से हैं आहत

नई दिल्ली, 23 सितम्बर (एजेंसी)। राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश ने अपना एक दिन का उपवास तोड़ा। जदयू लोकसभा सांसद राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने जूस पिलाकर उपसभापति का उपवास तोड़वाया। कृषि विधेयक पारित होने के दौरान विपक्षी सांसदों द्वारा सदन में अनियंत्रित व्यवहार से आहत हरिवंश ने एक दिन का उपवास रखा था।

सांसद राजीव रंजन सिंह ने कहा, हरिवंश 36 घंटे से उपवास पर थे। सोमवार रात से ही उन्होंने कुछ नहीं खाया था। राज्यसभा उपसभापति के तौर पर वे अपनी ड्यूटी पूरी कर रहे थे। लोकतंत्र में हर चीज की निश्चित प्रक्रिया होती है और नियमों और कानूनों के तहत हर किसी को अपने अधिकार के लिए आवाज उठाने का अधिकार है। यदि विपक्ष या कोई और यह सोचता है कि वे जो चाहे वो कर सकते हैं तो यह संभव नहीं है। यदि सा होता है तो यह गलत होगा।

उन्होंने आगे कहा कि निलंबित सांसदों को उपसभापति के बारे में एक बार सोचना चाहिए जिनका उपवास पर जाने का फैसला उनकी महानता को दर्शाता है। उन्होंने कहा, किस रुलबुक में लिखा है कि आप उपसभापति को धमका सकते हैं उनपर कागज फेंके। निलंबित सांसदों को इस बारे में विचार करने की आवश्यकता है। उपसभापति का उन सांसदों के पास चाय लेकर जाना उनके महान व्यक्तित्व का उदाहरण है।

हरिवंश ने मंगलवार को 24 घंटे का उपवास इस उम्मीद में रखा कि निलंबित सांसदों को अपनी गलती का अहसास होगा। उन्होंने राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद और उपराष्ट्रपति वेंकैया नायडू ने 20 सितंबर को पत्र लिखकर इस बारे में बताया और कहा कि वे सांसदों के इस व्यवहार से काफी आहत हुए। रविवार की घटना के बाद से सदन सुचारू रूप से नहीं चल सका है। हालांकि मंगलवार को सरकार ने सात विधेयक उच्च सदन से पास करा लिए।

मध्यप्रदेश में किसानों को मिलेगी 10 हजार सम्मान निधि और शून्य ब्याज पर कर्ज

भोपाल, 23 सितम्बर (एजेंसी)। मध्य प्रदेश में 28 सीटों पर होने वाले उपचुनाव से पहले राज्य सरकार ने किसानों के लिए अपना खजाना खोल दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस से मध्य प्रदेश में मनाए जा रहे गरीब कल्याण सप्ताह के तहत मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने घोषणा की कि राज्य के पात्र किसानों को सालाना 10 हजार रुपये सम्मान निधि दी जाएगी। अभी केंद्र सरकार की ओर से देशभर के किसानों को 6000 रुपये तीन किस्तों में दिए जाते हैं। एमपी सरकार इसमें 4000 रुपये और मिलाकर किसानों को सम्मान निधि देगी।

भोपाल के मिंटो हॉल में आयोजित कार्यक्रम में 63 हजार किसानों को क्रेडिट कार्ड वितरित किए गए। इस दौरान मुख्यमंत्री चौहान ने प्रदेश में किसानों की सम्मान निधि बढ़ाने का एलान किया।

रिया की जमानत याचिका पर कल होगी सुनवाई

मुंबई, 23 सितम्बर (एजेंसी)। सुशांत सिंह राजपूत केस में ड्रग्स इस्तेमाल के आरोपों में गिरफ्तार रिया चक्रवर्ती की जमानत याचिका पर आज सुनवाई होनी थी, लेकिन भारी बारिश के चलते कोर्ट की छुट्टी हो गई है। अब उनकी याचिका पर गुरुवार को सुनवाई होगी। रिया चक्रवती को नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने 9 सितंबर को गिरफ्तार किया था।

सेना को मजबूती देगा मनाली-लेह मार्ग पर बना सबसे लंबा पुल

मनाली, 23 सितम्बर (एजेंसी)। मनाली-लेह मार्ग के दारचा में 360 मीटर लंबा पुल भारतीय सेना को मजबूती देने के लिए तैयार है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह वीरवार को यह भव्य पुल देश को समर्पित करेंगे। रक्षा मंत्री कल ऑनलाइन इस पुल का लोकार्पण करेंगे। चीन से तनातनी के बीच सामरिक महत्व की अटल टनल रोहतांग का लोकार्पण भी प्रधानमंत्री तीन अक्टूबर को करने जा रहे हैं। इस बीच एक और महत्वपूर्ण कड़ी जुड़ गई है। इस पुल के बन जाने से भारतीय सेना भारी मशीनरी चीन सीमा तक आसानी से पहुंचा सकती है। यह ब्रिज उत्तरी भारत का दूसरा और हिमाचल का पहला सबसे लंबा स्टील ट्रस्ट ब्रिज है। पलचान और दारचा में बने दोनों भव्य पुल गर्ग एंड गर्ग कंपनी ने प्रबंधक प्यारे लाल शर्मा और इंजीनियर इकबाल सिंह कलसी की देखरेख में तैयार किए हैं।

बिहार के डीजीपी गुप्तेश्वर पांडेय ने ली स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति

पटना, 23 सितम्बर (एजेंसी) । बिहार के डीजीपी गुप्तेश्वर पांडेय से जुड़ी यह बड़ी खबर है। उन्होंने स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति ले ली। वे 1987 बैच के भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी थे। गृह विभाग ने उनकी स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति की मंजूरी प्रदान कर दी है। अब वे राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के प्रत्याशी के रूप में बिहार विधानसभा चुनाव लड़ेंगे। पुलिस सेवा के बाद यह राजनेता के रूप में उनकी अगली पारी होगी।

माना जा रहा है कि वे बक्सर या आरा जिले की किसी सीट से विधानसभा चुनाव लड़ेंगे। पिछले दिनों बक्सर में जेडीयू जिलाध्यक्ष के साथ उनकी बैठक भी हो चुकी है।

मुंबई में आफत की बारिश, बीएमसी का अलर्ट

मुंबई, 23 सितम्बर (एजेंसी)। मुंबई में रात हुई भारी बारिश के कारण जगह-जगह जलभराव की स्थिति पैदा हो गयी है जिससे स्थानीय ट्रेन सेवाएं बुरी तरह प्रभावित हुई हैं।

बृहन्मुंबई नगर निगम ने शहर के कई हिस्सों में अत्याधिक जलजमाव और भारी वर्षा के बाद आपातकालीन सेवाओं को छोड़कर सभी प्राइवेट और सरकारी प्रतिष्ठानों के लिए अवकाश घोषित किया है। कमिश्नर ने आदेश दिया है कि यदि आवश्यक कार्य न हो तो घरों से बाहर न जायें। भेंडी बाजार, गोल मंदिर, नाना चौक, मुंबई सेंट्रल जंक्शन, बावला कंपाउंड, जेजे जंक्शन, हिंदमाता, काला चौकी, सारथी बार और वर्ली सी फेस में अत्याधिक जल-जमाव के कारण लोगों को काफी परेशानी हो रही है। सभी इलाकों में जल की निकासी के लिए कार्य जारी है। भारी बारिश से जलभराव के कारण छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस और ठाणे रेलवे स्टेशन के बीच केंद्रीय रेल सेवाओं को निलंबित कर दिया गया है।

बस्तर में आज से धारा 144 लागू, कलेक्टर ने जारी किया आदेश

जगदलपुर,23 सितम्बर (एजेंसी)। कोरोना वायरस के संक्रमण के बढ़ने की संभावना को रोकने तथा इस पर नियंत्रण हेतु कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी रजत बंसल ने दण्ड प्रकिया संहिता, 1973 के अंतर्गत धारा 144(2) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए बस्तर जिले में 23 सितम्बर 2020 से आगामी आदेश पर्यन्त धारा 144 लगाये जाने का आदेश जारी किया है।

इस अवधि में 05 लोगों से अधिक व्यक्तियों के सार्वजनिक एवं निजी स्थानों पर जमा होने पर पाबंदी लगाई जाती है।घर से बाहर निकलने पर मुह एवं नाक पर मास्क अनिवार्य किया गया है। मुह एवं नाक पर मास्क नहीं होने पर राशि 100 रूपये का अर्थदण्ड अधिरोपित किया जाएगा। जिले में कोरोना वायरस के बढ़ते संक्रमण को दृष्टिगत रखते हुये मोबाइल कोरोना कंट्रोल टीम तथा स्थैतिक निगरानी दल तैनात किये गये है। इस आदेश के उल्लंघन पर भारतीय दंड संहिता की धारा 188 के तहत दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी।समय-समय पर जारी प्रतिबंध एवं उसमें दी गई छूट आदेश यथावत रहेंगे।

राज्यसभा की कार्यवाही अनिश्चित काल के लिए आज हो जाएगी स्थगित

नई दिल्ली, 23 सितम्बर (एजेंसी) । कोविड-19 महामारी के मद्देनजर निर्धारित समय से एक सप्ताह पहले ही बुधवार को राज्यसभा की कार्यवाही को अनिश्चित काल के लिए स्थगित करने का फैसला लिया गया है। संसद के मानसून सत्र का आज दसवां दिन है और सरकार के महत्वपूर्ण विधायी कार्यों को निबटाने के बाद मानसून सत्र को स्थगित करने का फैसला लिया गया है।

राज्यसभा में विदेशी अंशदान संशोधन विधेयक पास कर दिया गया। ह्लह्ल्य के लिए विदेशों से आने वाले फंड का विनियमन इस विधेयक के आधार पर किया जाएगा। लोकसभा में यह विधेयक 21 सितंबर को पास हुआ था। गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय ने सदन में कहा, कई आर्गेनाइजेशन अपना पहचान छिपाते हैं। इससे उन्हें किसी बात का भय नहीं रहता और इसलिए ही आधार कार्ड लाया गया ताकि उनकी पहचान जाहिर हस सके। इससे पहले उन्होंने कहा कि विदेशी अंशदान संशोधन विधेयक देश और आंतरिक सुरक्षा के लिए एक कानून है और विदेशी फंडों को रोकना इसका मुख्य उद्देश्य है।

इससे पहले गृह राज्यमंत्री वी मुरलीधरन ने कहा, मुझे सदस्यों को सूचित करना है कि सरकार ने सदन को अनिश्चित काल के लिए स्थगित करने का फैसला लिया है, लेकिन इससे पहले कुछ महत्वपूर्ण विधेयक आज लोकसभा में पारित कर दिए जाएंगे। नेता प्रतिपक्ष गुलाम नबी आजाद ने बताया, राज्यसभा सत्र कर बहिष्कार करने वाली विपक्षी पार्टियों ने सदन में नेता प्रतिपक्ष के ऑफिस में आज शाम बैठक बुलाई है। बता दें कि गुलाम नबी के ऑफिस में होने वाले इस बैठक में विपक्षी पार्टियों के बीच कृषि विधेयक को लेकर चर्चा की जाएगी।

संसद में सांसद का बर्ताव लोकतंत्र को शर्मसार करनेवाला

नई दिल्ली, 23 सितम्बर (एजेंसी) । उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री और बहुजन समाज पार्टी की अध्यक्ष मायावती ने पिछले दिनों किसान बिल पारित होने के दौरान संसद खासकर राज्यसभा में विपक्षी नेताओं के व्यवहार पर कड़ी नाराजगी जताई है। सोशल मीडिया पर मायावती ने ट्वीट किया कि वैसे तो संसद लोकतंत्र का मन्दिर ही कहलाता है फिर भी इसकी मर्यादा अनेकों बार तार-तार हुई है. वर्तमान संसद सत्र के दौरान भी सदन में सरकार की कार्यशैली व विपक्ष का जो व्यवहार देखने को मिला है वह संसद की मर्यादा, संविधान की गरिमा व लोकतंत्र को शर्मसार करने वाला...अति-दुःखद।

चीन पर नजर रखने के लिए भारत की अमेरिका से डील

नई दिल्ली, 23 सितम्बर (एजेंसी) । चीन के साथ बॉर्डर पर तनाव को देखते हुए भारत अपनी रक्षा खरीद को तेज कर रहा है।

वेपंस सिस्टम से लेकर मिसाइल टेक्नोलॉजी तक भारत में ही डेवलप करने को प्राथमिकता दी जा रही है। मगर जरूरत के मुताबिक, विदेश से भी खरीद हो रही है। रक्षा मंत्रालय अमेरिका से 30 जनरल एटॉमिक्स एम क्यू- 9 रीपर ड्रोन खरीदने की तैयारी में है। करीब 22,000 करोड़ रुपये में यह डील हो सकती है। डील दो हिस्सों में होगी। पहले छह रीपर मीडियम ऑल्टिट्यूड लॉन्ग एंड्योरेंस ड्रोन्स खरीदे जाएंगे जिनकी डिलीवरी अगले कुछ महीनों में हो जाएगी। बाकी 24 ड्रोन्स अगले तीन साल में डिलीवर होंगे।

अमेरिका से 30 ड्रोन की खरीद का प्रस्ताव रक्षा अधिग्रहण परिषद के सामने रखा जाएगा।